


**रवीन्द्र पाटनी**
महापौर
कानपुर नगर

# संदेश

प्रिय श्री गुप्त जी,

मुझे जानकर अत्यंत हार्दिक प्रसन्नता हुई है कि लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी, अशोक नगर, कानपुर के द्वारा अपना 6वाँ वार्षिक समारोह दिनांक 03 मई, 2008 को लाजपत भवन, मोतीझील कानपुर में आयोजित किया जा रहा है तथा इस शुभ अवसर पर अकादमी द्वारा एक नयनाभिराम स्मारिका भी प्रकाशित होने जा रही है।

अकादमी ने अल्पकालीन अवधि में कानपुर महानगर के प्रतिभावान संगीत छात्र-छात्राओं को प्रदेश के श्रेष्ठ शिक्षकों द्वारा अच्छी संगीत शिक्षा देने का जो प्रयास किया वह सराहनीय है। अकादमी ने संगीत ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में और प्रदेश में जो ख्याति अर्जित की है वह प्रशंसनीय है। संस्था निरंतर प्रगति के नये सोपान रचती रहे यही मेरी शुभकामना है।

मैं कार्यक्रम की सफलता के साथ-साथ स्मारिका के सफल प्रकाशन की कामना करता हूँ।

भवनिष्ठ

**रवीन्द्र पाटनी**